**i-NEXT PAGE 8**

# इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के 26 स्टूडेंट्स का शानदार प्लेसमेंट

## राजवीर को मिला 4.5 लाख का सालाना पैकेज

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (25 Oct): लखनऊ यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से बीते 20 से 23 अक्टूबर को कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया था. इस ड्राइव में इंजीनियरिंग फैकेल्टी के कुल 26 स्टूडेंट्स का प्लेसमेंट हुआ है. वर्चुसा सॉफ्टवेयर कंपनी मे कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के स्टूडेंट राजवीर सिंह का प्लेसमेंट एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर 4.5 लाख के इयरली पैकेज पर किया है.

**लखनऊ यूनिवर्सिटी ने अक्टूबर माह में ही कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया था.**

### इन्हें भी मिला प्लेसमेंट

वहीं सेडकॉस टेक्नोलॉजी प्रो. लि. कंपनी मे कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के 19 स्टूडेंट्स तनवीर हसन, अंशुमान राय, सुजाता यादव, मधुर जयसवाल, वत्सल मिश्रा, अमृता पाण्डेय, अंकित पाण्डेय, अभिषेक ओझा, उत्कर्ष बाजपेई, विकास राठौर, सिद्धार्थ सिंह, शिव प्रकाश यादव, सौरभ कुमार कनौजिया आदि का चयन हुआ है.

### इन्हें भी मिली जॉब

वही इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 02 स्टूडेंट्स अमन कुशवाहा, ऋषभ गुप्ता, बीसीए के 03 स्टूडेंट्स यश श्रीवास्तव, निलेश कुमार, कृष्णम रस्तोगी और एमसीए के 1 स्टूडेंट यश अग्रवाल का चयन टेक्निकल असेसमेंट, कोडिंग राउंड और टेक्निकल इंटरव्यू की प्रक्रिया को पास कर हुआ. इंजीनियरिंग संकाय के डॉ. हिमांशु पाण्डेय और सेडकॉस टेक्नोलॉजी की कैंपस रिक्रूटमेंट लीड नमराह खान द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में कंपनी ने चयनित छात्रों को एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर 4.2 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज ऑफर किया.

**HINDUSTAN PAGE 7**

# हॉस्टल के लिए 30 तक आवेदन करें छात्र-छात्राएं

**एलयू**

लखनऊ | **वरिष्ठ संवाददाता**

लखनऊ विश्वविद्यालय में जिन छात्र-छात्राओं ने यूजी या पीजी पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में दाखिला लिया है, अगर उन्हें हॉस्टल की जरूरत है तो जल्द से जल्द उसके लिए आवेदन भेजने होंगे।

लखनऊ विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के फैसिलिटीज पेज पर जाकर हॉस्टल फॉर्म भरना है और उसे अपने कोर्स के अनुसार अलग-अलग हॉस्टल प्रभारियों को ईमेल द्वारा भेजना है। स्नातक प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 30 अक्तूबर है।

पीजी प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं आवेदन 6 नवम्बर तक मेल कर सकते हैं। आवेदन फॉर्म में छात्र-छात्राओं को प्रवेश मेरिट की रैंक भरनी होगी, उसी के आधार पर हॉस्टल एलॉट होंगे। एलॉटमेंट की सूची एलयू की वेबसाइट पर जारी होगी।

## छात्राएं इन प्रभारियों को भेजें अपने आवेदन

- बीएससी: luhoste2019@gmail.com
- बीए: provosttilakhall@yahoo.com
- लॉ: archanasinghlaw@gmail.com
- पीएचडी: eyapandey9@gmail.com
- बीकॉम, बीएड, बीपीएड, बीलिब, एमलिब, बीवीए, एमए, एमएससी, एमकॉम, एमएड, एमपीएड, एमवीए: kailashhall@gmail.com
- बीटेक, बीफार्मा, एमफार्मा: lavanyahall.lkouniv@gmail.com
- मैनेजमेंट और सेल्फ फाइनेंस कोर्स: mgghlu.lko@gmail.com

- बीएड, बीलिब, एमलिब, एमएड, पीएचडी के लिए छात्र ईमेल करें: lbshall.lu@gmail.com
- लॉ (सभी कोर्स): professorklal@rediffmail.com
- बीएड, बीकॉम: dropshukladefencestudies@gmail.com
- बीएससी, एमए, एमकॉम, एमएससी: subhashhostel.lu@gmail.com
- बीबीए, बीटेक, बीसीए,एमबीए: lukautilyahall2021@gmail.com
- एमबीए (ओल्ड कैम्पस): balrampurhall@gmail.com

## अवसर: 26 छात्र-छात्राओं को मिला प्लेसमेंट

लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय की ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा 20, 21 और 23 अक्तूबर को आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में कुल 26 छात्रों का कैम्पस प्लेसमेंट हुआ। वर्चुसा सॉफ्टवेयर कम्पनी में कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के छात्र राजवीर सिंह का प्लेसमेंट एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर 4.5 लाख रुपए प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। वहीं जानकारी के अनुसार सेडकॉस टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड में सीएस के 19 छात्रों का चयन हुआ है। इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के दो छात्रों का और एमसीए के एक छात्र का चयन हुआ।

**AMAR UJALA MY CITY PAGE 5**

# बीएड : 30 तक जमा होगा सीट कन्फर्मेशन शुल्क

**लखनऊ।** प्रदेश के सरकारी व प्राइवेट बीएड कॉलेजों में प्रवेश के लिए चल रही काउंसिलिंग में सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा करने की तिथि 30 अक्तूबर तक बढ़ा दी गई है। संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि वर्तमान में चल रही पूल काउंसिलिंग के लिए पंजीकरण व चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया 26 अक्तूबर तक चलेगी। अभ्यर्थी 26 अक्तूबर शाम 06 बजे तक पंजीकरण व रात 12 बजे तक चॉइस फिलिंग कर सकते हैं। प्रो. बाजपेई ने बताया कि पूल काउंसिलिंग का सीट आवंटन 27 अक्तूबर को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। (माई सिटी रिपोर्टर)

**JAGRAN CITY PAGE III**

# लवि : छात्रावास आवेदन के लिए फिर मौका

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक व परास्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को छात्रावास आवेदन के लिए एक और मौका दिया गया है। स्नातक के विद्यार्थी 30 अक्टूबर और परास्नातक के विद्यार्थी छह नवंबर तक वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सोमवार को चीफ प्रोवोस्ट प्रो.नलिनी पांडेय ने निर्देश जारी कर दिए। लवि में छात्र-छात्राओं के लिए 17 छात्रावास हैं।

# पांच दिन बढ़ाई फीस जमा करने की तिथि

**जासं, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड 2021-23 के उन अभ्यर्थियों को बड़ी राहत दी है, जो पहली काउंसिलिंग में शामिल होने के बाद अभी तक सीट कन्फर्मेशन (बैलेंस फीस) शुल्क नहीं जमा कर सके हैं। ऐसे अभ्यर्थी अब 30 अक्टूबर तक फीस जमा कर सकेंगे। इस संबंध में विश्वविद्यालय ने निर्देश जारी किए हैं। बीएड प्रवेश की राज्य समन्वयक प्रो. अमिता बाजपेयी ने बताया कि छात्र हित में एक और अवसर देते हुए 30 अक्टूबर तक समय बढ़ा दिया गया है।

**AMRIT VICHAR PAGE 3**

# हॉस्टल के लिए 30 तक करें आवेदन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में जिन छात्र-छात्राओं ने यूजी या पीजी पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में दाखिला लिया है, अगर उन्हें हॉस्टल की जरूरत है तो जल्द से जल्द उसके लिए आवेदन भेजने होंगे। लखनऊ विवि की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in के फैसिलिटीज पेज पर जाकर हॉस्टल फॉर्म भरना है और उसे अपने कोर्स के अनुसार अलग-अलग हॉस्टल प्रभारियों को ईमेल द्वारा भेजना है। स्नातक प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 30 अक्तूबर है। वहीं पीजी प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राएं अपने हॉस्टल आवेदन 6 नवम्बर तक मेल कर सकते हैं। आवेदन फॉर्म में छात्र-छात्राओं को अपनी प्रवेश मेरिट की रैंक भरनी होगी।

## बीएड प्रवेश के लिए फीस जमा करने की बढ़ी तिथि

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीएड प्रवेश के लिए काउंसलिंग करवा चुके अभ्यर्थियों को सीट आवंटित होने के बाद फीस जमा करने की तिथि बढ़ा दी है। फीस जमा करने की अंतिम तिथि अब 30 अक्टूबर कर दी गयी है। बीएड प्रवेश समन्वयक प्रो . अमिता वाजपेयी ने बताया कि संयुक्त प्रवेश-परीक्षा बीएड-2021-23 के केवल वे अभ्यर्थी जिन्हें प्रथम काउंसलिंग में पूर्व के किसी भी चरण में सहायता प्राप्त अथवा सरकारी महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में सीट आवंटित हुई थी और वे किन्हीं कारणों से सीट कन्फर्मेशन का शुल्क अब तक जमा नहीं कर पाये हैं, उन्हें मौका दिया गया है। वहीं वर्तमान में चल रही पूल काउंसलिंग के लिए पंजीकरण व प्रक्रिया चल रही है।

## लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 26 छात्रों को मिला प्लेसमेंट

**अमृत विचार, लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट सेल की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 26 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के एक छात्र राजवीर सिंह का प्लेसमेंट एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर 4 .5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है। साथ ही सेडकॉस टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी मे कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के 19 छात्रों का (तनवीर हसन, अंशुमान राय, सुजाता यादव, मधुर जयसवाल, वत्सल मिश्रा, अमृता पाण्डेय, अंकित पाण्डेय, अभिषेक ओझा, उत्कर्ष बाजपेई, विकास राठौर, सिद्धार्थ सिंह, शिव प्रकाश यादव, सौरभ कुमार कनौजिया, संकल्प राय, ऋतिक राय, प्रतीक शुक्ला, मो . आतिफ नईम, हर्षित कुमार श्रीवास्तव, भास्कर पंत), इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के दो छात्रों का 4 .2 लाख प्रतिवर्ष का पैकेज दिया गया है।

**PIONEER PAGE 3**

# बीएडः अभ्यर्थियों को राहत, 30 तक जमा कर सकते हैं शुल्क

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** भर में बीएड कक्षाओं में दाखिले को लेकर सम्पन्न कराई जा रही ऑनलाइन उप्र संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड काउंसलिंग 2021-23 में आवंटन के पश्चात सीट कन्फर्मेशन शुल्क जमा न कर पाने वाले अभ्यर्थियों को लखनऊ विश्वविद्यालय ने राहत दी है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्हें पहले सीट आवंटन हुआ है, किसी कारणवश शुल्क जमा नही कर पाए हैं, 30 अक्टूबर तक जमा कर सकते हैं। राज्य प्रवेश समन्वयक बीएड प्रो अमिता बाजपेयी के अनुसार वर्तमान में चल रही पूल काउंसलिंग 26 अक्टूबर तक चलेगी। अभ्यर्थी 26 अक्टूबर को सायंकाल 6 बजे तक पूल काउंसलिंग हेतु पंजीकरण व रात्रि 12 बजे तक च्वाइस फिलिंग की प्रक्रिया कर सकते हैं। इस पूल काउंसलिंग में वे सभी अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं, जिन्होंने मुख्य काउन्सिलिंग में प्रतिभाग नहीं किया है। जिन्होंने मुख्य काउंसलिंग में प्रतिभाग किया था किन्तु उन्हें कोई सीट आवंटित नहीं हो सकी है। जिन्हें मुख्य काउंसलिंग के किसी भी चरण में सीट आवंटित हुईए किन्तु शेष शुल्क का भुगतान करने में विफल रहे हैं। पूल काउंसलिंग के आवंटन का परिणाम 27 अक्टूबर को लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा। पूल काउंसलिंग में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को पंजीकरण के समय ही पंजीकरण शुल्क रुपये 750 रुपए व महाविद्यालय शुल्क रुपये 51250 (अर्थात पूर्ण शुल्क, कुल रुपये 52000) मात्र जमा करना होगा। यदि उन्हें कोई महाविद्यालय आवंटित होता है तो यह शुल्क उन्हें किसी भी दशा में वापस नहीं किया जायेगा। यदि उन्हें कोई महाविद्यालय आवंटित नहीं होता है तो उन्हें पंजीकरण शुल्क रुपये 750 मात्र काट कर शेष शुल्क रुपये 51250 वापस कर दिया जायेगा।

**RASHTRIYA SAHARA PAGE 5**

## इंजीनियरिंग संकाय के 26 छात्रों को जॉब ऑफर

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा 20, 21 और 23 अक्टूबर को आयोजित कैम्पस प्लेसमेंट ड्राइव में 26 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ। कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के एक छात्र राजवीर सिंह का प्लेसमेंट एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर 4.5 लाख पर साथ ही एक अन्य कंपनी मे कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के 19 छात्रों का, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के दो छात्रों का , बीसीए के तीन, एम.सी.ए. के एक छात्र का चयन टेक्निकल एसेसमेंट, कोडिंग राउंड और टेक्निकल इंटरव्यू की प्रक्रिया को पास कर हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के डा. हिमांशु पाण्डेय ने बताया कि चयनित छात्रों को 4.2 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज ऑफर किया।

## बीएड की फीस जमा करने की तिथि 30 तक बढ़ी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय ने सोमवार को तीसरी बार काउंसिलिंग के बाद बीएड में दाखिले के लिए फीस जमा करने की फीस बढ़ा दी है। अभ्यर्थी अब 30 अक्टूबर तक फीस जमा कर सकते हैं। ज्ञात हो गत 12 अक्टूबर को चौथे चरण के सीट आवंटन का परिणाम घोषित किया गया था। मुख्य काउंसिलिंग के चार चरणों में बीएड की 2,51,125 सीटों के सापेक्ष 1,64,188 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 1,31,841 अभ्यर्थियों को सीटें आवंटित की गयी थीं। पहले 14 अक्टूबर तक फीस जमा करनी थी। बाद में इसे बढ़ाकर 22 अक्टूबर फिर इसे बढ़ाकर 30 अक्टूबर कर दिया गया है।

**SWATANTRA BHARAT PAGE 3**

# लखनऊ यूनिवर्सिटी में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में हुआ 26 छात्रों का प्लेसमेंट



स्वतंत्र भारत,संवाददाता लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के ट्रेंनिंग एंड प्लेसमेंट सेल ने 20, 21 और 23 अक्टूबर को आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में 26 छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट हुआ। वर्चुसा सॉफ्टवेयर कंपनी मे कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के एक छात्र राजवीर सिंह का प्लेसमेंट एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर 4.5 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। साथ ही सेडकॉस टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी मे कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के 19 छात्रों तनवीर हसन, अंशुमान राय, सुजाता यादव, मधुर जयसवाल, वत्सल मिश्रा, अमृता पाण्डेय, अंकित पाण्डेय, अभिषेक ओझा, उत्कर्ष बाजपेई, विकास राठौर, सिद्धार्थ सिंह, शिव प्रकाश यादव, सौरभ कुमार कनौजिया, संकल्प राय, ऋतिक राय, प्रतीक शुक्ला, मो. आतिफ नईम, हर्षित कुमार श्रीवास्तव, भास्कर पंत, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के 2 छात्रों अमन कुशवाहा और ऋषभ गुप्ता, बीसीए के 3 छात्रों यश श्रीवास्तव, निलेश कुमार और कृष्णम रस्तोगी और एम.सी.ए के 1 छात्र यश अग्रवाल का चयन भी हुआ। बताते चले कि इन सभी का चयन टेक्निकल एसेसमेंट, कोडिंग राउंड और टेक्निकल इंटरव्यू की प्रक्रिया को पास कर हुआ। इंजीनियरिंग संकाय के डॉ हिमांशु पाण्डेय और सेडकॉस टेक्नोलॉजी की कैंपस रिक्रूटमेंट लीड नमराह खान द्वारा आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में कंपनी ने चयनित छात्रों को एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर 4.2 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज ऑफर किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अलोक राय ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

**भाई ने दिया साथ तो खुलती गयी सफलता की राहें: राजवीर सिंह**

वर्चुसा सॉफ्टवेयर कंपनी में एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर चयनित राजवीर सिंह बताते है कि उनको यह सफलता सेल्फ स्टडी और संकाय में उनके कोऑर्डिनेटर डॉ हिमांशु पांडेय के सहयोग से प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त उनके बड़े भाई सत्यपाल सिंह के द्वारा कदम कदम पर मिलने वाले मार्गदर्शन और सहयोग की वजह से ही उनके लिए सफलता का मार्ग प्रशस्त हो सका। इसलिए वो अपनी पूरी सफलता का श्रेय अपने कॉर्डिनेटर हिमांशु पांडेय और अपने बड़े भाई सत्यपाल सिंह को देना चाहते है।